विभागाध्यक्षों को ले लिया गया है। दरअसल यूनिवर्सिटी के विभागों में फिलहाल परीक्षा जारी है। ■ प्रो. नरेंद्र धाकड़, कुलपति, डीएवीवी

डीएविवि के स्टूडेंट्स ने सीओल कोरिया में प्रस्तुत किए शोध पत्र

इंदौर। देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी के जीवन विज्ञान अध्ययनशाला के प्रोफेसर (डॉ.) आनंद कर की दो शोध स्टूडेंट्स ने सीओल कोरिया में हुई इंटरनेशनल कांफ्रेंस में अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। इसमें उन्होंने डायबिटीज और थायराइड विकारों जैसी खतरनाक बीमारियों से बचने के लिए उपायों और उनके महत्वों के बारे में बताया। एंडोक्रिनोलॉजी एंड मेटाबॉलिज्म की 7वीं सियोल इंटरनेशनल कांग्रेस-एसआईसीईएम-2019-कोरियाई एंडोक्राइन सोसायटी (केईएस) की 38वीं वार्षिक वैज्ञानिक बैठक के संयोजन में कोरिया के एक होटल में 18 से 21 अप्रैल तक आयोजित की गई थी। यह विचारों का आदान-प्रदान करने, उपन्यास के अवसरों की खोज करने, सहकर्मियों के साथ फिर से जुड़ने और व्यापक व्यावसायिक ज्ञान प्राप्त करने का एक मंच था। शोध स्टूडेंट लता सुनहरे और डॉ. नेहा शर्मा के पीएचडी मार्गदर्शक प्रो. कर ने उन्हें इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं देते हुए समाज की बेहतरी के लिए काम करते रहने की सलाह दी।